सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2024-2025

कक्षा:चार **विषय:हिंदी** **पाठ:4 हेमागुची की सूझबूझ**

कठिन शब्द

1)लोककथा

2)द्वीप

3अद्भुत

4)सुनसान

5)दृष्टि

6)विनाश

7)भयभीत

8)वास्तव

9)मस्तिष्क

9)लहरों

10)हेमागुची

11)जलमग्न

12नतमस्तक

13)कुर्बान

14)बलिदान

15)धुएँ

16)नज़ारे

लघुउत्तरीय प्रश्न ।

प्रश्न1)जापान के देश पर बसा गाँव कैसा था ?

उत्तर जापान के देश पर बसा गाँव सुंदर और हरा भरा था ।

प्रश्न2)हेमागुची किनके साथ रहता था ?

उत्तर हेमागुची अपने बेटों , बहुओं और पोते- पोतियों के साथ रहता था ।

प्रश्न3) हेमागुची ने समुद्री लहरों को देखकर क्या सोचा ?

उत्तर हेमागुची ने समुद्री लहरों को देखकर सोचा कि ये लहरें तो विनाश का संकेत है ।

प्रश्न 4)गाँव वालों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए हेमागुची ने क्या किया ?

उत्तर गाँव वालों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए उसने अपने खेतों की फसलों में आग लगा दी ।

प्रश्न 5) समुद्र के आसपास के इलाके जलमग्न क्यों हो गए?

उत्तर भयानक तूफ़ान आने के कारण समुद्र के आसपास के इलाके जलमग्न हो गए ।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न1) सभी गाँव वालों को समुद्र तट पर देखकर हेमागुची भयभीत क्यों हुआ ?

उत्तर जब गाँव के लोग समुद्र में ऊँची- ऊँची उठती लहरों के अद्भुत नज़ारे का आनंद लेने के लिए समुद्र के किनारे पहुँचे, तब हेमागुची मंदिर गया हुआ था । मंदिर से वापस आने पर जब उसने समुद्र में ऊँची-ऊँची उठती लहरों को देखा, तब वह भाँप गया कि यह विनाश का संकेत है । इसलिए वह सभी गाँव वालों को समुद्र तट पर देखकर भयभीत हो गया।

प्रश्न 2)गाँव वाले कैसे बच गए ?

उत्तर हेमागुची ने गाँव वालों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अपनी पकी हुई फसल में आग लगा दी । जिससे गाँव वाले आग की लपटें और धुएँ को देख पहाड़ी की ओर दौड़े, तभी अचानक तूफ़ान आ गया ,तथा सभी गाँव वाले बच गए ।

प्रश्न 3)गाँव वालों को हेमागुची की किस कुर्बानी का पता चला ?

उत्तर गाँव वालों को समुद्री तूफ़ान से बचाने के लिए हेमागुची ने अपने घर और पकी हुई फसल को आग लगा दी ।

प्रश्न4)जापान के लोग हेमागुची को आज भी क्यों याद करते हैं ?

उत्तर गाँव के लोगों की जान बचाने के लिए हेमागुची ने अपने खेतों और घर की कुर्बानी दी थी । इसी बलिदान के कारण जापान के लोग हेमागुची को आज भी याद करते हैं ।

रिक्त स्थान भरिए ।

1)हेमागुची के <u>मस्तिष्क</u> में एक विचार आया ।

2)समुद्र में भयानक तूफ़ान उठा और समुद्र के आसपास के सभी इलाके <u>जलमग्न</u> हो गए।

3)<u>जापान</u> के एक द्वीप की पहाड़ी पर एक हरा भरा और सुंदर गाँव था ।

4)मंदिर से लौट कर उसने गाँव की गलियों को <u>सुनसान</u> पाया ।

5) धीरे-धीरे सारे गाँव वाले <u>समुद्र</u> के किनारे जमा हो गए ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

1)द्वीप - चारों ओर समुद्र से घिरा भू-भाग

अंडमान निकोबार सबसे घनी आबादी वाला द्वीप है ।

2)आवश्यक - जरूरी

स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक भोजन आवश्यक है ।

3)जलमग्न - जल में डूब जाना

बाढ़ आने के कारण आसपास के कई इलाके जलमग्न हो गए ।

4)भयभीत हो उठा - डर गया

बालक बाज़ार में सबको इधर-उधर भागता देख भयभीत हो उठा ।

5)दृष्टि - नज़र

मोहन सड़क दुर्घटना में अपनी दृष्टि को बैठा ।